## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित





मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 06.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

# महोबा पुलिस



## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।


आज दिनांक 06.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:- 06.04.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 06.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।











**महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ**

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 06.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा एवं अपर जिलाधिकारी महोबा द्वारा किया गया सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।


आज दिनांक 06.04.2026 को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी महोबा, श्री कुंवर पंकज द्वारा संयुक्त रूप से सखी वन स्टॉप सेन्टर महोबा का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप केन्द्र प्रभारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा सेन्टर में स्थापित व्यवस्थाओं, पीड़िताओं के आश्रय हेतु बनाए गए अल्प प्रवास स्थल, सुरक्षा प्रबंधों एवं उपलब्ध सुविधाओं का गहन जायजा लिया गया तथा वन स्टॉप सेन्टर से सम्बन्धित महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन/निरीक्षण किया गया। साथ ही केन्द्र में रह रही पीड़ित महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया। उन्हें काउंसिलिंग के माध्यम से उनके अधिकारों, विधिक प्रावधानों, मिशन शक्ति अभियान 5.0 एवं विभिन्न शासकीय कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त अधिकारियों द्वारा वन स्टॉप सेन्टर में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत एवं आवश्यक सुविधाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं पीड़ित-हितैषी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, गोपनीयता बनाए रखने तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित एवं सम्मानजनक सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान केन्द्र के समस्त सम्बन्धित कर्मचारी उपस्थित रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 06.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा ₹25,000 के इनामिया वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे ईनामिया, पुरस्कार घोषित व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित व0उ0नि0 अनुरूद्ध प्रताप सिंह मय उ0नि0 अनुज कुमार सिंह मय हमराह कां0 धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 71/26 धारा 352/115(2)/351(3)/109(1)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित ₹25,000 रू0 का इनामिया वांछित अभियुक्त सुरजीत उर्फ बिल्लर पुत्र उदय पाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम डहर्रा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को मकरबई जाने वाले रास्ते के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद अवैध तंमचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हुई अवैध शस्त्र की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह
2. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
3. कां0 धर्मेन्द्र कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

सुरजीत उर्फ बिल्लर पुत्र उदय पाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम डहर्रा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### बरामदगी –

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तंमचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया।

